# मध्यप्रदेश विधान सभा

## नवम्बर-दिसम्बर, 2011 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

**बुधवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2011 (अग्रहायण 9, 1933)**

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री रामनिवास रावत, परसराम मुद्गल, सदस्य, मुरैना जिले की सिंहल बस्ती में डकैती की घटना होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सुनील जायसवाल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले में प्रधान मंत्री योजना के तहत सड़क निर्माण न होने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति (एन.पी.), सदस्य, वन मंडलाधिकारी शहडोल द्वारा कृषकों पर फर्जी प्रकरण दर्ज किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री अभय कुमार मिश्रा, सदस्य, रीवा जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री द्वारा अनियमितता किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री देवेन्द्र वर्मा, सभापति, पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति का एकादश प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

### 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य, पन्ना जिले के -

(क) ग्राम ककरहटी में पुलिस चौकी खोले जाने,
(ख) देवेन्द्र नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिये जाने,
(ग) विकासखंड गुनौर में नवीन महाविद्यालय खोले जाने,
(घ) विकासखंड गुनौर में म.प्र. विद्युत मंडल का कार्यालय खोले जाने,
(ङ) विकासखंड गुनौर में उप कोषालय खोले जाने, तथा
(च) ग्राम सलैहा में उप तहसील खोले जाने,

(2) श्री मोतीलाल तिवारी, सदस्य, सतना जिले के -

(क) मैहर में पॉलिटेक्निक कालेज खोले जाने,
(ख) ग्राम नकतरा में नकतरा बांध पर काजवे सह स्टाप डेम निर्माण किये जाने,
(ग) मैहर में सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के अधीन कार्यरत आपतकालीन चिकित्सकों को आयुष चिकित्सा में समायोजित किये जाने,
(घ) मैहर-वरही मुख्य मार्ग से धरमपुरा तक रोड का डामरीकरण किये जाने, तथा
(ङ) ग्राम धरमपुरा, मांध बजरिया में विद्युतीकरण कराये जाने,

(3) श्री राजकुमार उरमलिया, सदस्य, रीवा जिले के -

(क) ग्राम तिवनी के वार्ड क्रमांक 12 माताजी के प्रवरातीर के पास हैंडपंप खनन किये जाने,
(ख) प्रदेश के नगरीय निकायों के नगर पालिका अधिकारियों को पदोन्नति दिये जाने,
(ग) ग्राम शाहपुर में उप तहसील खोले जाने,
(घ) ग्राम शाहपुर में महाविद्यालय खोले जाने, तथा
(ङ) ग्राम शाहपुर के उप स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन किये जाने,

(4) श्रीमती लक्ष्मीदेवी खराड़ी, सदस्य, रतलाम जिले के -

(क) ग्राम रूगनाथगढ़ में पुलिया निर्माण किये जाने,
(ख) बाजना रोड के जामड़ पाटली पर पुलियों के दोनो साईडों को मुरम से भरे जाने, तथा
(ग) ग्राम बिवड़ौद के मार्ग का चौड़ीकरण किये जाने,

(5) श्री राव राजकुमार सिंह यादव (महुअन), सदस्य, अशोक नगर जिले के -

(क) चंदेरी नगर के महाविद्यालय में साइंस विषय प्रारंभ किये जाने,

(ख) चंदेरी में कृषि उपज मंडी का कार्यालय खोले जाने, तथा

(ग) ईशागढ़ से पिपरिया-नयागांव मार्ग का डामरीकरण किये जाने,

(6) श्री हितेन्द्र सिंह ध्यान सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगौन जिले के -

(क) ग्राम बलवाड़ा नगर एवं सनावद बाय-पास मार्ग को स्वीकृत किये जाने,

(ख) ग्राम रुपखेड़ा घोटाला वासवाह के नालों पर रपटा निर्माण किये जाने, तथा

(ग) ग्राम बागफल कदवाल्मा में ओव्हर हेड टैंक निर्माण किये जाने,

(7) श्री रामलल्लू वैश्य, सदस्य, सिंगरौली जिले के-

(क) ग्राम गोभा से ननियागढ़ टोला तक मार्ग निर्माण किये जाने, तथा

(ख) विकासखंड बैढ़न में हाईस्कूल का उन्नयन किये जाने,

(8) श्री जुगुल किशोर, सदस्य, सतना जिले के -

(क) ग्राम बरेठीयां वसुधा-कतलोन मार्ग पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने,

(ख) ग्राम धोरहटा खम्हरिया रोड के मध्य नदी पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने, तथा

(ग) ग्राम खम्हरिया से डाडीटोला के मध्य नदी पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने,

(9) श्री विजेन्द्र सिंह मलाहेड़ा (विज्जूबना), सदस्य, नीमच जिले के -

(क) ग्राम बामड़ी से आमली खेड़ा मार्ग निर्माण किये जाने,

(ख) ग्राम कुंडलिया से चिकली मार्ग निर्माण किये जाने,

(ग) ग्राम बड़कुआं में हाई स्कूल प्रारंभ किये जाने, तथा

(घ) जमुनिया रावजी में पशु औषधालय केन्द्र पर चिकित्सक की नियुक्ति किये जाने,

(10) श्री सुनील जायसवाल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -

(क) ग्राम तिन्दनी मार्ग पर पड़ने वाले शेड नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने,

(ख) ग्राम इमलिया पहुंच मार्ग में पड़ने वाली उमर नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने,

(ग) ग्राम हीरापुर में माध्यमिक शाला का उन्नयन किये जाने, तथा

(घ) ग्राम मोहद में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोले जाने,

(11) श्रीमती साधना स्थापक, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -

(क) विकासखंड सांईखेड़ा को तहसील बनाये जाने,

(ख) ग्राम आमगांव छोटा के हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने, तथा

(ग) गाडरवारा तहसील को जिला बनाये जाने,

(12) श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य, मंडला जिले के -

(क) ग्राम पांडकला से घुघरी तक मार्ग निर्माण किये जाने,

(ख) ग्राम पंचायत पांडकला का भवन निर्माण कराये जाने,

(ग) पांडकला विकासखंड घुघरी में कन्या हाई स्कूल खोले जाने,

(घ) ग्राम पांडकला में शासकीय उचित मूल्य की दुकान हेतु भवन स्वीकृत किये जाने, तथा

(ङ) ग्राम पांडकला के वार्ड क्रमांक-10 में नलकूप खनन किये जाने,

(13) श्री आशाराम अहिरवार, सदस्य, दतिया जिले के ग्राम पंचायत लहार हवेली में शासकीय माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,

(14) श्री दिलीप सिंह गुर्जर, सदस्य, उज्जैन जिले के ग्राम घिनौदा में 132 के.व्ही सब स्टेशन स्थापित किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय विधेयक, 2011 (क्रमांक 47 सन् 2011) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

## 6. मंत्रिमंडल पर अविश्वास का प्रस्ताव ...(क्रमशः)

श्री अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण.

"यह सदन मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यरत मंत्रिमंडल के प्रति अविश्वास प्रकट करता है.".

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 29 नवम्बर, 2011**